FORTUNA PR

| Publication | Samachar Jyoti | Date | 15-06 -2017 | Page No. | 12 |
|---|---|---|---|---|---|
| Client Name | Kamdhenu | Edition | Varanasi | | |

# कामधेनू लिमिटेड ने लॉन्च किया 'कामधेनू नेक्स्ट'

वाराणसी। इमारतों की लिए निर्माण सामग्री की सम्पूर्ण रेंज बनाने वाली कम्पनी कामधेनू लिमिटेड ने शहर में नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनू नेक्स्ट का लॉन्च किया है। कामधेनू लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल तथा माँ महामाया एलॉयज प्राइवेट लिमिटेडे के निदेशक श्री भूपेंद्र अग्रवाल, ने इस नए उत्पाद का पेश किया। वाराणसी एवं आस-पास के क्षेत्रों से 450 से ज़्यादा डीलर इस मौके पर मौजूद थे। 'कामधेनू नेक्स्ट' एक अत्याधुनिक उत्पाद है जो 2.5 गुना मजबूत कॉन्क्रीट-स्टील इंटरलॉक बनाता है और इस वजह से यह आधुनिक व स्मार्ट निर्माणकला एवं अवधारणाओं के लिए सर्वोत्तम है। इस लॉन्च के मौके पर कामधेनू लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, ''भगवान शिव की नगरी वाराणसी में रीयल एस्टेट कारोबार तेज़ी से बढ़ रहा है। हमें गर्व है कि हमारा नया उत्पाद 'कामधेनू नेक्स्ट' यहाँ बनने वाली उँची उँची इमारतों को सुरक्षा की पक्की गारंटी देगा। 'कामधेनू नेक्स्ट' न केवल हमारे द्वारा किए जाने वाले गहन अनुसंधान का नतीजा है बल्कि विश्वस्तरीय उच्च गुणवत्ता के उत्पाद बनाने की हमारी प्रतिबद्धता पर मुहर है। हम राज्य में अपनी क्षमता को दोगुना करके 20,000 एमटी तक पहुंचाने की योजना बना रहे हैं।